प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 20.09.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1. अवैध चाकू के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना नागफनी-

अवगत कराना है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध /अपराधियों व अवैध शस्त्र निर्माण /तस्करी एवं अवैध शस्त्र धारको पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा संलिप्त अपराधीयो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 20.09.2024 को उ0नि0 अंकुर मलिक थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त सतीश पुत्र त्रिलोकी निवासी मौ0 बंगलागांव तारो वाली गली थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद को 01 अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना नागफनी पर मु0अ0सं0- 237/2024 धारा 4/25 आर्म एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2- नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार,थाना नागफनी-

अवगत कराना है दिनांक 07.09.2024 को वादी निवासनी थाना नागफनी क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री को बहला-फुसालकर भगा ले जाने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना नागफनी पर मु0अ0सं0- 228/2024 धारा-137(2),61 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में साक्ष्य संकलन/विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त लड़की को सकुशल बरामद करते हुये नियमानुसार परिजनो के सुपुर्द किया गया तथा मुकदमा उपरोक्त में धारा- 64(1) बी0एन0एस0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी तथा आज दिनांक 20-09-2024 को उ0नि0 श्री नितेश सहरावत थाना नागफनी के द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी जीशान अली पुत्र श्री हाजी शाने आलम मौ0 ख्वाजा नगरी ,निकट मस्जिद ख्वाजा नगरी,थाना नागफनी,जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।